# <u>जनपद बाराबंकी</u>

**दिनांक- 19.09.2023**

**थाना जैदपुर पुलिस ने 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से 915 ग्राम अवैध मारफीन (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 91 लाख रुपये) बरामद-**

जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 19.09.2023 को थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा मैनअल इंटेलीजेन्स की मदद से अभियुक्त अकबर अली पुत्र स्व0 रहमत अली निवासी पनिहल थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को जैदपुर-हरख रोड, टिकरा उस्मा मोड़ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे 915 ग्राम अवैध मारफीन (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 91 लाख रुपये) बरामद की गई जिसके सम्बन्ध में थाना जैदपुर पर मु0अ0सं0 402/2023 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

पूछताछ से प्रकाश में आया कि अभियुक्त का एक गैंग है जो अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अवैध मारफीन बेचने का काम करता है। अभियुक्त द्वारा बरामद मारफीन को टिकरा उस्मा निवासी से खरीदकर बेचने हेतु ले जाया जा रहा था। पुलिस टीम द्वारा अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे है।

**<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-</u>**

अकबर अली पुत्र स्व0 रहमत अली निवासी पनिहल थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी

**<u>बरामदगी-</u>**

915 ग्राम अवैध मारफीन (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 91 लाख रुपये)

**<u>पुलिस टीम-</u>**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अनिल कुमार पाण्डेय थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी
2. उ0नि0 श्री तेज बहादुर सिंह थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी
3. हे0का0 गुफरान खान, हे0का0 अखिलेश चौधरी थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी
4. हे0का0 शैलेन्द्र सिंह, का0 रोहित शर्मा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी